भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

अमर उजाला

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

दिनांक : 17.01.2020

आईआईटी में कल्चरल नाइट से काशीयात्रा का आगाज

स्पिक मैके के कलाकारों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव काशीयात्रा का बृहस्पतिवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आगाज हुआ। शताब्दी कृषि सभागार में औपचारिक उद्घाटन के बाद स्पिक मैके के कलाकारों ने अपने प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। काशीयात्रा की प्रतियोगिताएं 17 से 19 तक चलेंगी, जिसमें देश के विभिन्न तकनीकी संस्थानों से 3000 से अधिक प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

काशीयात्रा को लेकर छात्र-छात्राओं ने राजपूताना हॉस्टल से लेकर निदेशक आफिस, लिंबडी कार्नर पर रंग बिरंगे कागजों, झालर आदि से आकर्षक सजावट भी की है। देर शाम तक प्रतिभागियों के आने का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान काशीयात्रा की टीम ने तीन दिवसीय महोत्सव का पोस्टर भी रिलीज किया।

शाम को बीएचयू के शताब्दी कृषि सभागार में उद्योगपति बिमलेंद्र झा और निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार जैन ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद काशीयात्रा के 38वें संस्करण का आगाज हुआ। समारोह के बाद स्पिक मैके के कलाकारों में लालगुड़ी विजयलक्ष्मी और लालगुड़ी जीजेआर कृष्णन ने अपनी वायलिन प्रतिभा का प्रदर्शन कर वहां मौजूद लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस प्रस्तुति के बाद कलाकार राम वैद्यनाथन ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति की तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस दौरान छात्र अधिष्ठाता प्रो. बीएन राय, प्रो. के के सिंह, डॉ. अमितेश कुमार आदि मौजूद रहे।

आईआईटी बीएचयू में आयोजित काशीयात्रा के उद्घाटन समारोह में ऑडिशन राउंड के लिए तैयार होती युवतियां। अमर उजाला

रैंप वॉक कर जीता दिल

उद्घाटन समारोह से पहले दिन में मिराज (लाइफस्टाइल इवेंट) के आडिशन राउंड में प्रतिभागियों ने बॉलीवुड गीतों पर रैंप वॉक कर सभी का दिल जीत लिया। रंग बिरंगे परिधानों में मंच पर उतरे प्रतिभागियों का वहां मौजूद दर्शकों ने ताली बजाकर उत्साह बढ़ाया। फैशन डिजाइनर अस्मिता मरवा और डॉ. एम सरवानी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

ये कलाकर रहेंगे मौजूद

शुक्रवार को पहले दिन बैंड द लोकल ट्रेन और ऋत्विज डीजे कंपोजर सभी का मनोरंजन करेंगे। जबकि दूसरे दिन 18 जनवरी को सुपरस्टार कॉमेडियन जाकिर खान और अंतरराष्ट्रीय डीजे अनइवेन और 19 जनवरी को बॉलीवुड नाइट में बॉलीवुड की सुपरस्टार जोड़ी सलीम - सुलेमान की जोड़ी धमाल मचाएगी।

19
तक चलेगा सांस्कृतिक उत्सव

3000
से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल